धोनी बल्लेबाज को काफी तेज स्टंप करने में माहिर हैं। 43 साल की उम्र में भी धोनी में अभी भी वह फुरती हैं। धोनी ने 2019 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था लेकिन वह आईपीएल में अभी भी चेन्नई सुपर किंग्स के लिए विकेटकीपिंग करते हैं। - रवि शास्त्री

भारत के पूर्व कोच, लंदन में हॉल ऑफ फेम कार्यक्रम के तहत बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

वेस्टइंडीज टीम के बांये हाथ के तूफानी बल्लेबाज एवं पूर्व कप्तान निकोलस पूरन ने महज 29 वर्ष की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। पूरन ने सोमवार को सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में कहा, बहुत सोच-विचार और चिंतन के बाद मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का निर्णय लिया है। जिस खेल से हम प्यार करते हैं, उसने हमें बहुत कुछ दिया है और देता रहेगा। इसके साथ खुशी, उद्देश्य और वेस्टइंडीज के लोगों का प्रतिनिधित्व करने की यादें है। मैरून रंग पहनना, राष्ट्रगान के लिए खड़ा होना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही अपना सबकुछ देना शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।

क्या आप जानते हैं ?... ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में भिड़ेंगे। दोनों टीमें 113 साल पहले भी लॉर्ड्स पर टेस्ट मैच में भिड़ चुकी हैं।

पहला आईसीसी खिताब जीतने के लिए दक्षिण अफ्रीका को तोड़ना होगा ऑस्ट्रेलियाई तिलिस्म

लंदन, 10 जून। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीकी टीम 2023-2025 का खिताब जीतने के लिए बुधवार से शुरू होने वाले फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया का अजेय प्रदर्शन उसे खिताब का प्रबल दावेदार बनाता है। इसे देखते हुए दोनों टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत होने की उम्मीद है। दक्षिणी अफ्रीका क्रिकेट टीम ने डब्ल्यूटीसी में 2019-2021 में पांचवें और 2021-2023 में तीसरे स्थान पर रहने के बाद इस बार फाइनल में अपनी जगह बनायी है।

टेस्ट क्रिकेट की दो सबसे बेहतरीन फॉर्म में चल रही टीमों के बीच कल से शुरु होने वाला फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है, जिसमें इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान पर 10 विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है।

तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की अनुपस्थिति के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के पास तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में एक मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। वहीं बल्लेबाजी क्रम की बात की जाये तो कप्तान टेम्बा बावुमा ने पूरे मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और रयान रिकेल्टन का इंग्लिश परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन रहा। संभावित एकादश ट्रिस्टन स्टब्स जैसे

युवा और वियान मुल्डर जैसे ऑलराउंडर भी शामिल हैं, जोकि टीम के बेहतर संतुलन को दिखाता हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया पिछले छह टेस्ट में अजेय रहने के कारण खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम अनुभव और गहराई से भरपूर है।

कमिंस, मिशेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को ऑफ स्पिनर नाथन लियोन और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर संजयोजन किसी भी विपक्षी टीम पर भारी पड़ सकता है। अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर स्थित अनुभवी उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि ट्रैविस हेड और मार्नस लैबुशेन मध्यक्रम को मजबूती प्रदान करते हैं। कुल मिलाकर आस्ट्रेलिया विश्व कप चैंपियनशिप जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि लॉर्ड्स की उछाल भरी पिच धीरे-धीरे मैच के आगे बढ़ने पर बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित हो सकती है। पहली पारी में 400 के आसपास का स्कोर की उम्मीद है। मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार पहले दिन बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने का भी अनुमान है, लेकिन शेष दिन शुष्क रहने के आसार है। दोनों टीमें टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनेंगी, जिसका लक्ष्य मैच में बाद में होने वाली बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाना होगा।

दक्षिण अफ्रीका के साथ कल से शुरु हो रहे डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया एकादश इस प्रकार है:- उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन और जॉश हेजलवुड।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की एकादश इस प्रकार है:- एडन मारक्रम, रयान रिकेल्टन, वियान मुल्डर, टेम्बा बावुमा (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन (विकेट कीपर), मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी।

वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचने से चूकने पर भी टीम इंडिया को मिलेंगे करोड़ों रुपये

नई दिल्ली, 10 जून। 11 जून से 15 जून तक इंग्लैंड के लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। वहीं जो भी टीम चैंपियन बनेगी उसे प्राइज मनी के तौर पर करोड़ों की धनराशि मिलेगी। हालांकि, चैंपियन टीम के अलावा रनर-अप टीम और भारतीय टीम पर भी पैसों की बारिश होगी।टीम इंडिया भले ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में नहीं पहुंच पाई हो लेकिन उस पर आईसीसी की तरफ से पैसों की बरसात होगी। उसे तकरीबन उतने पैसे मिलेंगे जितने पैसे 2021 और 2023 के डब्ल्यूटीसी चैंपियन को मिले थे। ये मुमकिन हुआ है इसलिए कि आईसीसी ने डब्ल्यूटीसी की इनाम राशि को बढ़ाकर तकरीबन दोगुना कर दिया है। तीसरे नंबर पर रहकर इस बार फाइनल चूकने पर भारत को 14.4 लाख डॉलर यानी करीब 12.32 करोड़ रुपये मिलेंगे। पिछले दो फाइनल में भारत हारकर रनर अप रहा था तब उसे 8-8 लाख डॉलर ही मिले थे।

इस बार फाइनल जीतने वाली टीम को 36 लाख डॉलर की इनाम राशि मिलेगी। ये 2021 की चैंपियन न्यूजीलैंड और 2023 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को तब मिली इनाम राशि के दोगुने से भी ज्यादा है। इस बार डब्ल्यूटीसी फाइनल हारने वाली टीम को 21.6 लाख डॉलर मिलेंगे। यानी इस बार के रनरअप को पिछले दो चैंपियंस को मिली इनाम राशि से भीज्यादा मिलेंगे। 2023 में ऑस्ट्रेलिया और 2021 में न्यूजीलैंड को डब्ल्यूटीसी खिताब जीतने पर 16-16 लाख डॉलर ही मिले थे। दोनों ही बार फाइनल में टीम इंडिया को हार मिली थी और उसे 8-8 लाख डॉलर की इनाम राशि मिली थी। इस बार तीसरे नंबर पर रहने वाली भारतीय टीम को 14.4 लाख डॉलर मिलेंगे जो भारतीय मुद्रा में करीब 12.32 करोड़ रुपये है।

यॉर्कशायर के लिए खेलेंगे गायकवाड़

लंदन, 10 जून। राणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रहे रुतुराज गायकवाड़ काउंटी क्लब यॉर्कशायर के लिए क्रिकेट खेलेंगे। रुतुराज

गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने के लिए अनुबंध किया है। वह सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह और चेतेश्वर पुजारा के बाद चौथे भारतीय बल्लेबाज है जो कि यॉर्कशायर की ओर से काउंटी खेलने वाले है। रुतुराज जुलाई में सरे के खिलाफ रोथसे काउंटी चैम्पियनशिप से पहले यॉर्कशायर टीम से जुड़ेंगे।

28 वर्षीय गायकवाड़ ने भारत के लिए छह एकदिवसीय और 23 टी-20 मैच खेले हैं और वर्तमान में इंग्लैंड का दौरा करने वाली भारत ए टीम का हिस्सा हैं। उनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट में औसत 41.77 है, जिसमें सात शतक शामिल हैं। लिस्ट ए क्रिकेट में 16 शतकों के साथ उनका औसत 56.15 रहा है। गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने को लेकर कहा, मैं इंग्लैंड के बाकी घरेलू सत्र के लिए यॉर्कशायर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। इस देश में क्रिकेट का अनुभव करना हमेशा से मेरा लक्ष्य रहा है और इंग्लैंड में यॉर्कशायर से बड़ा कोई क्लब नहीं है। मुझे पता है कि मैं सत्र के महत्वपूर्ण हिस्से में शानदार प्रदर्शन करना है।

राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता

जयपुर, 10 जून। आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्मा ने बताया कि बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 की पूर्व तैयारियों के लिए आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी के निर्देशानुसार राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा बीसीसीआई सीनियर रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान सीनियर टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता में आज सवाई माधोपुर, नागौर, भरतपुर, भीलवाड़ा, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जोधपुर ,चित्तोड़, बांसवाड़ा, पाली, अजमेर, झुंझनू जीते। कोल्विन शील्डमें आज सबसे बड़ा धमाका जोधपुर में हुआ। वास्तविकता के पहले जोधपुर के खिलाफ 425 ब्लास्ट का रिकॉर्ड खड़ा किया गया। बाद में असेंबल को 56 टुकड़ों पर आउट कर 369 टुकड़ों में बनाया गया। जोधपुर के जीत सीजन में अभी तक खेले गए मुकाबलों की सबसे बड़ी जीत रही। कोल्विन शील्ड के चौथे दिन कुल 6 खिलाड़ियों ने शतक ठोके। वहीं 5 लोग ऐसे रहे, मैच में 5 या 5 से ज्यादा विकेट अपने नाम। आज भूपेंद्र शर्मा, अभिषेक प्रताप सिंह, भवानी सुथार, अजय भाटी, सौरव यादव, तनिष्क सिंघल, अनिरुद्ध

सिंह, कार्तिक शर्मा, शुभम गढ़वाल, रामनिवास गोलाडा, विजय कुमावत, हनुमान बेनीवाल, रमन घारू, मीत भावसार, सचिन शर्मा, देवव्रत शर्मा, अजय राज सिंह, करण मीणा, नवीन कुमार का शानदार प्रदर्शन रहा।

दौसा को रोमांचक मुकाबले में हनुमानगढ़ ने एक विकेट से हराया

जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया गया की कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता में दौसा का दूसरा मैच हनुमानगढ़ से था जिसमे हनुमानगढ़ ने पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी को चुना। इस अहम मुकाबले में दौसा की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरुआत अच्छी नहीं रही दौसा की टीम 20 रन पर पांच विकेट गिर गए फिर बल्लेबाजी के लिए सचिन शर्मा ने आक्रामक पारी खेलते हुए 90 रन और देवकृत शर्मा ने नाबाद 80 रन बनाए जिसकी बदौलत 213 रन का स्कोर खड़ा किया। बाद में बल्लेबाजी करते हुए हनुमानगढ़ को दौसा के गेंदबाजों ने कसकर गेंदबाजी की और अंतिम ओवर तक हनुमानगढ़ की टीम को बांधकर रखा परंतु हनुमानगढ़ ने एक विकेट से जीत दर्ज की ।दौसा की ओर से गेंदबाजी करते हुए करण मीणा ने 42 रन देकर 5 विकेट और ध्रुव सेठी ने 38 रन देकर दो विकेट लिए। सचिव बृजकिशोर उपाध्याय द्वारा सभी खिलाड़ियों को आगामी मैचो में अपनी कमजोरी को दूर कर शानदार खेलने हेतु प्रेरित किया। दौसा का अगला मैच कल अजमेर से होगा ।

जयपुर जिले की अंडर-14 और अंडर-15 बॉयज फुटबॉल टीम के चयन हेतु ट्रायल

जयपुर, 10 जून। राजस्थान फुटबाल संघ अंडर 15 बालक वर्ग की स्टेट फुटबॉल प्रतियोगिता 22 जून से 24 जून तक सीकर में और अंडर 13 बालक वर्ग की स्टेट फुटबॉल प्रतियोगिता 27 जून से 30 जून तक अजमेर में आयोजित करने जा रहा है। इसमें भाग लेने वाली जयपुर जिले की टीम के चयन हेतु एक ट्रायल का आयोजन आगामी 15 जून (रविवार) को चौगान स्टेडियम, जयपुर में आयोजित की जा रही है। अंडर 15 बालक प्रतियोगिता के लिए 2010 और 2011 में जन्म लिए खिलाड़ी और अंडर 13 बालक प्रतियोगिता के लिए 2012 और 2013 में जन्मे खिलाड़ी और उनका आधार कार्ड जयपुर जिले का है यानी कि वह जयपुर जिले के निवासी हैं वह इस ट्रायल में भाग लेने के लिए पात्र हैं। सभी इच्छुक खिलाड़ियों को रविवार 15 जून को सुबह 7:00 बजे तक चौगान स्टेडियम के फुटबॉल मैदान पर ट्रायल हेतु रिपोर्ट करनी है। ट्रायल में भाग लेने हेतु सभी इच्छुक खिलाड़ियों को 14 जून तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है अन्यथा उन्हें ट्रायल में भाग लेने नहीं दिया जाएगा। संपर्क सूत्र - अब्दुल जब्बार (9928369917), मनोज शर्मा (9414441770), डॉ दिलीप सिंह चुंडावत (9314441705), सेबी फिलिप्स (9828999467)

चूरू

जैन मुनि ने गौशाला का भ्रमण किया

राजलदेसर । कस्बे की श्री राजलदेसर गौशाला में जैन मुनि जयकुमार ने मंगलवार प्रात: गौशाला का भ्रमण किया गौशाला की एक-एक गतिविधि को देखा व प्रत्येक विषय को समझा गौशाला का अवलोकन करने के बाद कहा कि यहां बहुत ही सुखद अनुभूति हुई है मुझे यह गौशाला नहीं एक अनुसंधान केंद्र की तरह काम कर रही है

जो भी कार्यकर्ता यहाँ सेवा दे रहे वह साधुवाद के पात्र है। उन्होंने गौशाला के ट्रॉमा सेंटर को देखा पर्यावरण संबंधित गतिविधियों की जानकारी ली

पंचगव्य उत्पाद भी देखें एवं गौशाला के नस्ल संवर्धन के कार्य को भी देखा थार पारकर गायों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की

हरा चारा उत्पादन आदि प्रक्रिया को भी देखा गौशाला के ऑफिस में मंगला चरण किया और सभी को आशीर्वाद दिया । इस अवसर पर गौशाला के मंत्री ललित दाधीच ने गौशाला में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी । इस मौके पर गौशाला के उपाध्यक्ष मंगतमल पाण्डिया, हनुमान मल सोनी, रतन लाल बारूपाल, परमेश्वर फोगला,जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के राजकरण विनायक, देवेंद्र बरडिया, गौशाला के मैनेजर राधेश्याम पांडे, सहित अनेको जैन समाज के व्यक्ति उपस्थित थे।

उपखंड अधिकारी वर्मा ने किया गैंनाणी खुदाई का किया निरीक्षण

राजलदेसर । राजलदेसर कस्बे में सोमवार देर शाम को रतनगढ़ उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा ने गेंनाणी खुदाई के कार्य का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने संतोष व्यक्त किया एवं उनके साथ आए आर यू डी आई पी के एक्शन आर डी गर्ग, नगर पालिका की एक्सईन पूर्णिमा यादव , आर यू बी के अधिकारी सहायक अभियंता विकास मीणा राजलदेसर नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता भरत गोड़ आदि उनके साथ थे उपखंड अधिकारी ने पंप हाउस में मोटर एवं बारिश के समय में कस्बे वासियों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए तीनों अधिकारियों को अलर्ट रहने के आदेश दिए । उन्होंने कहा अति शीघ्र पंप हाउस के लिए 60 एचपी की एक मोटर नगर पालिका को खरीदने के आदेश दिए जिसके लिए संबंधित पंप चालक लालचंद को इसकी जिम्मेदारी सौपी गई है । इसके अलावा गैनाणी मैं किसी तरह का कचरा ना हो इसके लिए नाले के आगे जाली लगाना एवं पंप हाउस के पास इंटरलॉक सड़क दीवार का निर्माण आदि के लिए कनिष्ठ अभियंता भरत गोड़ को निदेशित किया गया है । इसके अलावा कस्बे में जहां पर बरसाती पानी

- **अति शीघ्र पंप हाउस के लिए 60 एचपी की एक मोटर नगर पालिका को खरीदने के आदेश दिए जिसके लिए संबंधित पंप चालक लालचंद को इसकी जिम्मेदारी सौपी गई है ।**

अधिक इकट्ठा होता है वहां के पंप सेट को ठीक करने एवं एक्स्ट्रा में पंप सेट तैयार रखने की बात कहीं ।

वहीं जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के आदेश की पालना के तहत उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा ने तीसरी बार गैनाणी का निरीक्षण किया है एवं अति शीघ्र ही पंप हाउस में मोटर और लगने पर निरीक्षण करने की बात कही । ज्ञात रहे 2 वर्ष पूर्व गेंनाणी की खुदाई में 36 लाख रुपए में मात्र 30 परसेंट खुदाई हुई थी इस बार 15 लाख रुपए में 70 परसेंट खुदाई की जा चुकी है । इससे साफ तौर पर दिखाई दे रहा है कि पिछली बार भ्रष्टाचार निश्चित रूप में हुआ है क्योंकि 2 साल पहले महंगाई कम थी इस बार ज्यादा है उसके उपरांत भी अच्छी खुदाई हुई है वही कांठोस सेवा दल के नगर अध्यक्ष लाभचंद सोनी ने राजलदेसर कस्बे में गारंटी पीरियड में बनी सड़के जगह-जगह से टूटी पड़ी है इसको लेकर उपखंड अधिकारी को अवगत कराया उपखंड अधिकारी ने उपस्थित तीनों अधिकारियों से कहा संबंधित सड़कों की जांच करके ठेकेदारों को नोटिस दिया जाए इसके अलावा उन्होंने नाला की सफाई लाइट चलाने वाले एवं पंप हाउस चलाने वाले ठेकेदारों को लंबे समय से चल रहा बकाया भुगतान करने की बात कही जिसके लिए कनिष्ठ अभियंता भरत गोड़ ने कहा अतिशीघ्र ही भुगतान करवा दिया जाएगा । वही उपखंड अधिकारी ने कहा मानसून के समय में बरसाती पानी से राजलदेसर कस्बे वासियों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसके लिए जिला कलेक्टर ने सख्त आदेश दिए हैं इसके लिए नगर पालिका पूरी तरह से अलर्ट रहे हैं इस अवसर पर कांठोस के पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोहनलाल मेघवाल ठेकेदार सोनू वाल्मीकि आदि उपस्थित थे ।

चोर तीन दिन की पुलिस रिमांड पर

रतनगढ़(निसं) पुलिस ने बंद मकान में चोरी के प्रयास के दौरान तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। पड़ोसियों की सतर्कता से पकड़े गए चोरों को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया। घटना रतनगढ़ तहसील के गोगासर गांव की है। यहां बाबूलाल पारीक और देवीदत्त पारीक के मकान पिछले छह महीने से बंद थे। दोनों परिवार असम में रह रहे हैं। चोरों ने देवीदत्त के मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और सामान बिखेर दिया। पड़ोसियों को शक होने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तीन चोरों को पकड़ लिया, जबकि दो चोर भागने में सफल रहे। पकड़े गए आरोपियों में फालना निवासी अरुण लुहार (20), बापू लुहार (22) और उदयपुर निवासी अरुण लुहार (24) शामिल हैं। बीदासर कोर्ट ने तीनों को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। जांच में सामने आया कि यह गिरोह एक संगठित तरीके से काम करता है। ये लोग पहले किराए पर मकान लेकर परिवार के साथ रहते हैं। दिन में घरेलू सामान बेचने के बहाने गांव-गांव घूमकर सुनसान मकानों की रैकी करते हैं।

संविधान बचाओ को लेकर कांग्रेस की आमसभा आयोजित

सीकर । संविधान बचाओ को लेकर कांग्रेस की आमसभा मंगलवार को आयोजित की गई। सभा में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ड़ासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मंत्री ममता भूपेश सहित प्रदेश के वरिष्ठ नेता उपस्थित हुए। उपस्थित नेताओं ने कहा कि जब से देश में मोदी सरकार सत्ता में आई है। तब से देश में ईडी, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट जैसी सरकारी एजेंसियों का हनन हो रहा है। संविधान केवल किताब नहीं, बल्कि इस देश की आत्मा है।

राजस्थान-सरकार

सार्वजनिक निर्माण विभाग, जयपुर

क्रमांक- दिनांक-

(अन्तर्गत भूमि अर्जन, पुनव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 (1)

राजस्थान के राज्यपाल द्वारा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्षिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के तहत राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के प्रावधानुसार एवं राजस्थान सरकार के राजस्व (ग्रुप-6) विभाग के परिपत्र क्रमांक प.1(50) राज-6/2016/02 दिनांक 27.01.2017 के निर्देषानुसार राजस्थान राज्य के चूरू जिले के सुजानगढ़ कस्बे में बाईपास (एन.एच.-58 से मेगा हाईवे सुजानगढ़ चूरू तक) का निर्माण किया जाना है।

उक्त परियोजना हेतु सार्वजनिक प्रयोजनार्थ तहसील-सुजानगढ़, जिला-चूरू में निम्नानुसार प्रभावित गाँवों में भूमि अर्जन किया जाना प्रस्तावित है।

क्र. सं.	जिला	तहसील	गाँव	सक्षम प्राधिकारी एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी
1	चूरू	सुजानगढ़	मीगना	उपखण्ड अधिकारी, सुजानगढ़
2			भोम बोबासर	
3			बोबासर बीदावतान	
4			भोजलाई	
5			कस्बा सुजानगढ़	
6			सुजानगढ़ ग्रामीण	
7			गुलेरिया	

परियोजना के लिए नियमानुसार सामाजिक समाघात अध्ययन एवं निर्धारण हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा मैसर्स थोट्स कन्सलटेंट्स, जयपुर एजेन्सी का चयन किया गया है।

यह अधिसूचना जारी कर भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनव्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 (1) एवं राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनप्रयस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम 2016 के प्रावधानों के अनुसरण में निम्न सूची अनुसार प्रभावित क्षेत्र में सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु संबंधित ग्राम पंचायत, नगरपालिका, नगर निगम या अन्य कोई स्थानीय निकाय से सम्पर्क करने एवं राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनव्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम 2016 के नियम 6 (8) की पालना सुनिश्चित करने हेतु अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-सुजानगढ़ जिला-चूरू (राज.) को अधिकृत किया जाता है।

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनव्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4(6) के अन्तर्गत भूमि अवाप्ति अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी सुजानगढ़, जिला चूरू संबधित भूमि अवाप्ति अधिकारी होगें।

उपरोक्त चयनित संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित गाँवों में सामाजिक समाघात निर्धारण राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्षिता का अधिकार नियम, 2016 के प्रावधानानुसार किया जायेगा। सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:-

1. संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित व्यक्तियों का विवरण तैयार कर सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रारूप रिपोर्ट तैयार की जावेगी।
2. प्रारूप रिपोर्ट की प्रति प्रभावित गाँवों में समुचित स्थान पर प्रदर्षित की जावेगी। तत्पश्चात प्रभावित गाँवों में पर्याप्त प्रचार-प्रसार के उपरान्त जनसुनवाई की जावेगी, जिसका कार्यवाही विवरण समुचित रूप से रिकॉर्ड किया जायेगा।
3. जन-सुनवाई के दौरान आए सुझावों/आपत्तियों के समुचित समाघात को शामिल कर सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट एवं सामाजिक समाघात प्रबंधन योजना रिपोर्ट तैयार की जावेगी।
4. सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया प्रभावित गाँवों में संबधित पंचायत/नगरपालिका के परामर्श से की जावेगी।
5. सामाजिक समाघात मूल्यांकन के दौरान किसी भी प्रकार के बल प्रयोग या धमकी का प्रयत्न इस कवायद को अछूत और शून्य बना देगा।
6. सामाजिक समाघात निर्धारण प्रक्रिया को इस अधिसूचना की तिथि से प्रारंभ किया जायेगा एवं अधिकतम 6 माह की अवधि में सम्पूर्ण करवाया जाना आवष्यक है।

सम्पर्क सूत्र:-
सामाजिक समाघात निर्धारण एजेन्सी
मैसर्स थोट्स कन्सलटेंट्स, जयपुर
(श्री रोषन सिंह-सोषल एक्सपर्ट)
मोबाईल: 9414876990

संयुक्त सचिव (पथ)
सार्वजनिक निर्माण विभाग

DIPR/C/6826/2025

धन्वंतरि चिकित्सालय में भौतिक सामग्री भेंट

रतनगढ़(निसं) हनुमान प्रसाद सीताराम सेवा समिति ने सोमवार को पं. मणिराम शर्मा राजकीय धन्वंतरि आयुर्वेद चिकित्सालय में एक अलमारी, दो पंखे, चार कुर्सी और एक टेबल भेंट की। समिति के अध्यक्ष समाजसेवी सीताराम शर्मा ने अपनी पुत्रवधू मीतू दाधीच के जन्मदिन पर विद्यालय में उक्त सामठी भेंट की । वरिष्ठ चिकित्साधिकारी वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी सीताराम शर्मा, विशिष्ट अतिथि गौरव दाधीच, मीतू दाधीच एवं चिकित्सालय प्रभारी डॉ. मनोज चौहान मंचस्थ थे । इस मौके पर मुख्य अतिथि शर्मा ने समिति के सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि यह औषधालय हमारे नगर की प्राचीन धरोहर है । हम सबको इसके संरक्षण और विकास के लिए कार्य करना चाहिए। अध्यक्ष वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा ने समिति द्वारा राजकीय विद्यालयों, संस्थाओं और सामाजिक विकास में दिए जा रहे सहयोग को प्रेरणादायक कार्य

दूसरे दिन भी चला सघन सफाई कार्य

सीकर । नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि मानसून पूर्व तैयारियों के तहत नगर परिषद सीकर द्वारा संचालित विशेष मानसून स्वच्छता अभियान अपने दूसरे दिन मंगलवार को भी पूरी सक्रियता और ऊर्जा के साथ जारी रहा। अभियान 9 जून से 13 जून 2025 तक प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक विभिन्न वार्डों और मुख्य स्थलों पर चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि 10 जून को बजरंग कांटा, देवीपुरा बालाजी धाम, सीकर बस स्टैंड डिपो एवं उससे जुड़े मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सड़कों के दोनों किनारों से कचरा हटाकर ट्रॉली द्वारा उसका निस्तारण किया गया, वहीं बस डिपो परिसर की भी गहन सफाई कर वहां आने-जाने वाले यात्रियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया गया । नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि मानसून से पहले नालियों की नियमित सफाई बेहद आवश्यक है, जिससे जलभराव और मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम की जा सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं

- **10 जून को बजरंग कांटा, देवीपुरा बालाजी धाम, सीकर बस स्टैंड डिपो एवं उससे जुड़े मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया।**

तथा अपने मोहल्लों की साफ-सफाई में सहयोग करें। उन्होंने यह भी बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक नालियों के अवरुद्ध होने का प्रमुख कारण है। नगर परिषद द्वारा प्लास्टिक संठाहण अभियान के तहत नागरिकों को नि:शुल्क कपड़े के थैले वितरित किए जा रहे हैं, जिससे प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाई जा सके। इसके साथ ही नगर परिषद द्वारा सभी दुकानदारों को निर्देशित किया गया है कि वे गीले और सूखे कचरे के लिए पृथक डस्टबिन रखें ताकि कचरा प्रबंधन प्रभावी रूप से किया जा सके। नगर परिषद ने आमजन से आठाह किया है कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें और सीकर को स्वच्छ, सुंदर और हरित शहर बनाने में अपना योगदान दें।

दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक

सीकर । सांसद सीकर अमराराम जी की अध्यक्षता में बिजनेस एरिया झुंझुनू की दूरसंचार सलाहकार समिति की वित्तीय वर्ष 2025-26 की बैठक दूरसंचार प्रचालन क्षेत्र कार्यालय सीकर में संपन्न हुई । इस बैठक में दूरसंचार सलाहकार समिति सीकर के माननीय सदस्यगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर माननीय सांसद महोदय सीकर ने अपने उद्बोधन में पिछले दो तिमाही में हुए लाभ को बीएसएनएल के पुनरुत्थान के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया तथा इसके लिए बीएसएनएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रशंसा की लोकसभा सांसद सीकर ने बताया कि 4 सैचुरेशन प्रोजेक्ट से दूरसंचार सुविधा से वंचित गांवो में 4 सेवा की शुरुआत कर दी गई है और इसके पहले चरण में जिले के 17 वंचित गांवों में 4 मोबाइल सेवा चालू कर दी गई है और 11 साइट्स पर 4 टावर इंस्टॉलेशन का कार्य चल रहा है तथा इसके साथ ही 6 और नए गांवों में भी 4 टावर प्रस्तावित है। पवन खत्री प्रधान महाप्रबंधक, बिजनेस एरिया झुंझुनू ने बताया कि सीकर, झुंझुनू एवं चुरू के लगभग सभी मोबाइल टावर्स को 4 मोबाइल टावर में उन्नत कर दिया गया है जिससे अब तीनों जिलों के मोबाइल उपभोक्ताओं को 4 सेवाएँ मिल रही है बीएसएनएल द्वारा 4 की नयी सिम त